नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

हिंदी विश्वविद्यालय में मराठी के अध्ययन का शुभारंभ

एम. ए. मराठी, पत्रकारिता और अनुवाद के पाठ्यक्रम प्रारंभ

वर्धा दि. 02 जून 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा में अब हिंदी के साथ-साथ मराठी माध्यम से भी पढ़ाई होगी। इससे संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की पहल पर लिया गया है। वर्तमान अकादमिक सत्र 2015-16 में एम. ए. मराठी तथा तुलनात्मक साहित्य, पत्रकारिता में डिप्लोमा (हिंदी एवं मराठी) तथा मराठी एवं हिंदी में अनुवाद का स्नातकोत्तर डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रम अब मराठी माध्यम से भी पढ़ाए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय केंद्रीय विश्वविद्यालय वर्धा में स्थित है और यहां पर मराठी भाषा की पृष्ठभूमि से छात्रों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी है कि उनके लिए मराठी भाषा के माध्यम से भी पाठ्यक्रम तैयार कर चलाएं जाए ताकि उनके लिए रोज़गार के रास्ते खुल सके। एम. ए. मराठी पाठ्यक्रम के लिए किसी भी अनुशासन में स्नातक विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं तथा पत्रकारिता में डिप्लोमा एवं मराठी-हिंदी अनुवाद में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में किसी भी अनुशासन में स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून रखी गयी है तथा आवेदन विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग से सभी कार्यदिवसों में प्राप्त किए जा सकते है। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org से भी डाउनलोड कर भरे जा सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की अपील विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गयी है।